# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.05.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बीकानेर के पलाना में कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया।
- विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही है।
- कैम्पबेल बे में पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बीकानेर के पलाना में 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया। उन्होंने बीकानेर–मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को भी झंडी दिखाई। पिछले 11 वर्षों में देश में मजबूत बुनियादी ढाँचा बनाने के लिए की गई पहलों पर प्रकाश डालते हुए, प्रधान मंत्री ने कहा कि आधुनिक सड़क और रेल बुनियादी ढाँचा बनाने के लिए कई बड़ी पहल की गई हैं। उन्होंने कहा कि अमृत भारत, नमो भारत और वंदे भारत ट्रेन देश की गति और प्रगति का प्रतिबिंब हैं। श्री मोदी ने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना पर काम चल रहा है और सरकार देश में एक हजार तीन सौ रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशनों के रूप में पुनर्विकास करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे से व्यापार, पर्यटन और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा तथा जीवन आसान होगा।

<><><><><><><>

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम ने स्वास्थ्य मिशन और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से गतिविधियां चलाई जा रही है। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के परामर्शदाता श्रीराज़ ने कार्यक्रम के तहत चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी।

प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक लोग अपनी प्रविष्टियां अपने नाम, आयु और संपर्क नम्बर के साथ एन टी सी पी के मेल पर भेज सकते हैं। इसके अलावा प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां अटलांटा प्वाइंट स्थित एन टी सी पी के राज्य नोडल अधिकारी के पास सीधे तीस मई तक जमा कर सकते हैं। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में तीन हजार रूपये, दूसरे स्थान पर दो हजार रूपये, तीसरे स्थान पर एक हजार पांच सौ रूपये और पांच सौ रूपये के दो सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

<><><><><><><>

नगरपालिका स्वच्छता कर्मचारी संघ और अंडमान निकोबार राज्य कर्मचारी महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शाहुल हमीद से मुलाकात की। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य विशाल जॉली भी उपस्थित थे। राज्य कर्मचारी महासंघ के महासचिव एस. बीजू पिल्लई ने नगरपालिका परिषद के अस्थायी कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और 1200 अस्थायी कर्मचारियों के नियमितीकरण के मुद्दे को हल करने के लिए मंत्रालय स्तर पर मामला उठाने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के शास्त्री नगर, गांधी नगर और लक्ष्मीनगर में आज पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पालतू पशुओं दवा दी गई। शिविर में डॉ. पराग देवरी और डॉ. मनोज ने किसानों को पशुओं के दवा की जानकारी दी।

कार्यक्रम में बीस से अधिक किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के एक भाग के रूप में, सरकारी प्रेस कर्मचारी थ्रिफ्ट एवं क्रेडिट सहकारी समिति लिमिटेड ने अपने परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर वृक्षारोपण अभियान चलाया। यह अभियान सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार कार्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रेस के संपादक और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। अभियान के दौरान माताओं को श्रद्धांजलि देने तथा सहकारी समितियों एवं आम जनता में पर्यावरण जागरूकता एवं स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए पौधे रोपे गए। यह पहल सहयोग की भावना, सामुदायिक भागीदारी और हरित भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग ने पुलिस विभाग और नशे के लिए एकीकृत पुनर्वास केंद्र के सहयोग से हाल ही में शोलबे ग्राम पंचायत और बम्बूफ्लाट–2 ग्राम पंचायत में 'नशा मुक्त भारत अभियान' पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदायों को मादक द्रव्यों के सेवन के परिणामों के बारे में जागरूक करना था। दोनों स्थानों पर पुलिस विभाग के अधिकारियों ने मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले अपराधों को रोकने में कानून प्रवर्तन के महत्व पर प्रकाश डाला। समाज कल्याण विभाग ने नशे की लत के भावनात्मक और सामाजिक प्रभाव पर जोर दिया। कार्यक्रम में पंचायत सदस्यों, प्रधानों, समिति सदस्यों, मुख्य सेविका, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे में भूतपूर्व सैनिकों की ओर से कल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा कल दोपहर 3:30 बजे से सैनिक सराय से आरंभ होकर जेट्टी बाज़ार होते हुए मिनी स्टेडियम में सम्पन्न होगा।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में हल्के मोटरवाहन ड्राइवर के पद के लिए कौशल परीक्षण में चयनित उम्मीदवार और प्रतीक्षा सूची वाले उम्मीदवार की सूची जारी की गई है। सूची को प्रशासन की ई–भर्ती पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में यूजी के विभिन्न विषयों में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सामान्य कॉलेज एडमिशन पोर्टल 26 मई से 16 जून तक खुला रहेगा। विवरणिका और अन्य जानकारी भी पोर्टल पर उपलब्ध है। कॉलेज में कोई भी आवेदन सीधे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के गांधी ग्लोबल फैमिली पिलार हेल्थ सेन्टर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर पच्चीस मई को सुबह दस बजे से पिलार हेल्थ सेन्टर में लगाई जाएगी। सत्रह से पैंसठ वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक लोग इसमें भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>

चिन्मय मिशन के चिन्मय युवा केंद्र की ओर से "अज्ञानता से ज्ञानोदय" शीर्षक से 3 दिवसीय गैर आवासीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 24 मई से 26 मई तक मिशन के सभागार में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। 17 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के छात्र शिविर में भाग लेने के पात्र हैं। शिविर का उद्घाटन सुबह 10 बजे होगा।

<><><><><><><>